भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +3510

सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

नई पर्यटन नीति के उद्देश्य

+3510. श्री संजय सदाशिवराव मांडिलकः

श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

श्री प्रतापराव जाधवः

श्री सुधीर गुप्ताः

श्री बिद्यत बरण महतोः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एक नई पर्यटन नीति जारी की है/शीघ्र जारी करने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त नीति की मुख्य विशेषताएं, लक्ष्य और उद्देश्य क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त नीति के संबंध में लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को लेकर राज्यों के साथ कोई विचार-विमर्श किया है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और परिणाम क्या है और इस संबंध में राज्यों की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) क्या सरकार का पर्यटकों के लिए आकर्षण के ऐसे स्थानों, जहां बडी संख्या में विदेशी पर्यटक आते है जैसे स्मारकों आदि में हिंदी और अंग्रेजी के साथ विदेशी भाषाओं का उपयोग करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय पर्यटन नीति का एक मसौदा तैयार किया है जिसमें राज्य सरकारों, हितधारकों, पर्यटन क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और आम जनता से प्राप्त सुझावों को शामिल किया गया है, जो वर्तमान में मंत्रालय के विचाराधीन है।

(ड.) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा प्रदान की गई एक सूची जिसमें एएसआई के केंद्रीय रूप से संरक्षित स्मारकों पर स्थापित सांस्कृतिक नोटिस बोर्ड (सीएनबी) संकेतकों का विदेशी भाषा में विवरण दिया गया है, अनुबंध में है।

****

अनुबंध

नई पर्यटन नीति के उद्देश्य के सम्बन्ध में दिनांक 20.12.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +3510 के भाग (ङ.) के उत्तर में **विवरण**

विदेशी भाषा में सांस्कृतिक नोटिस बोर्ड (सीएनबी) संकेतक

क्र सं	**स्मारक/स्थल**	**सर्किल कार्यालय**	**विदेशी भाषा**
1.	स्थल एवं स्तूप और शाक्य पिपरहवा का मठ	लखनऊ	चीनी
2.	श्रावस्ती	लखनऊ	चीनी
3.	सारनाथ का प्राचीन बौद्ध स्थल	सारनाथ	चीनी
4.	चौखंडी स्तूप	सारनाथ	चीनी
5.	कुशीनगर में स्थित बौद्ध अवशेष और महापरिनिर्वाण मंदिर	सारनाथ	चीनी
6.	बौद्ध स्मारक, सांची	भोपाल	सिंहली

****